पाठ के अभ्यास के प्रश्नोत्तर (भाग - 2)

6. ब्लड-बैंक में रक्तदान से क्या लाभ हैं?
उत्तर:- ब्लड-बैंक में दान किये गए रक्त को आपातकालीन स्थिति के लिए सुरक्षित रखा जाता है। किसी भी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता पड़े तो उसके लिए किसी भी रक्त-समूह का रक्त ब्लड-बैंक से लिया जा सकता है। इससे मरीज़ की जान बच सकती है।

7. साँस लेने पर साफ़ हवा से ऑक्सीजन प्राप्त होती है, उसे शरीर के हर हिस्से निम्न में से कौन पहुँचाता है? सफ़ेद कण, लालकण, साँस नाली, फेफड़े

उत्तर:- साँस लेने पर शुद्ध वायु से जो ऑक्सीजन प्राप्त होती है, उसे हर हिस्से में लाल रक्त कण पहुँचाते हैं।

8. रक्त में हीमोग्लोबिन के लिए किस खनिज की आवश्यकता पड़ती है – जस्ता, शीशा, लोहा, प्लैटिनम
उत्तर:- रक्त में हीमोग्लोबिन के लिए लोहा खनिज की आवश्यकता पड़ती है।

9. बिम्बाणु (प्लेटलैट कण) की कमी किस बीमारी में पाई जाती है – टाइफायड, मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया

उत्तर:- बिम्बाणु (प्लेटलैट कण) की कमी डेंगू बीमारी में पाई जाती है।

भाषा की बात

1.1 चार महीने के होते-होते ये नष्ट हो जाते हैं –
इस वाक्य को ध्यान से पढ़िए।इस वाक्य में 'होते-होते' के प्रयोग से यह बताया गया है कि चार महीने से पूर्व ही ये नष्ट हो जाते हैं। इस तरह के पाँच वाक्य बनाइए जिनमें इन शब्दों का प्रयोग हो –
बनते-बनते, पहुँचते-पहुँचते, लेते-लेते, करते-करते
उत्तर:- 1.सीता के विवाह की बात बनते-बनते बिगड़ गई।
2.मैं ताजमहल पहुँचते-पहुँचते रह गया।
3.वह लाल साड़ी लेते-लेते रह गई।
4.सुबह से घर की सफाई करते-करते थक गई।

2. इस पाठ में दिए गए मुहावरों और कहावतों को पढ़िए और वाक्यों में प्रयोग कीजिए – 'भानुमती का पिटारा', 'दस्तक देना', 'धावा बोलना', 'घर करना', 'पीठ ठोकना'।

उत्तर:- 1.मेरी नानी का संदूक तो भानुमती का पिटारा है।

2.आधी रात को दरवाजे पर दस्तक से परिवार के सारे लोग घबरा उठे।

3.लुटेरों ने गाँव पर आधी रात को धावा बोल दिया।

4.महँगाई के राक्षस ने हमारे देश में घर कर रखा है।

5.मंगल अभियान की सफलता के लिए प्रधानमंत्री ने सभी वैज्ञानिकों की पीठ ठोकी।